were placed several years ago. The question of indigenous manufacture of these aircraft at present does not arise.

भारत अन्तर राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ

राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण का विलय

3389. **श्री अनन्तराय देवशकर दवे :**

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विलय करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इसके परिणामस्वरूप भारतीय सिविल विमानपत्तनों को क्या लाभ होगा; और

(घ) यह प्रस्ताव किस चरण में है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाब नबी आजाद) : (क) से (ग) सरकार का राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण और भारत अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विलय का प्रस्ताव है। इसके मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं :—

(1) एकल प्राधिकरण द्वारा बेहतर समन्वय,

(2) हवाई यातायात नियन्त्रण और संचार प्रणाली सहित सभी पहलुओं में हवाई अड्डे की आधार-भूत सुविधाओं के एकीकृत विकास को बढ़ावा देने हेतु संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग,

(3) एकल एकीकृत प्राधिकरण द्वारा अधिक संसाधनों को जुटाना,

(4) सुधरीकृत कार्यक्षमता के लिए हवाई अड्डा डिजाइन, योजना और प्रबन्ध संसाधनों के एकीकरण के संबंध में विशेषज्ञों का बेहतर उपयोग।

(घ) विलयन के लिए इस समय एक विधेयक का प्रारूप तैयार किया जा रहा है और इसे यथासमय संसद में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश में उप-डाकघरों में कार्यरत अंशकालिक कर्मचारियों की सेवाओं का नियमन

3390. **श्री महेश्वर सिंह :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार हिमाचल प्रदेश में रोहड़ू, जांगला और चिड़गांव के उप-डाकघरों में कार्यरत अंशकालिक कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार ने अब तक कितने कर्मचारियों को नियमित किया है, यदि हां, तो कितने समय बाद और किन नियमों के अधीन उन्हें नियमित किया गया है;

(घ) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि आज भी इन उप-डाकघरों में टेलीग्राम शिमला से डाक द्वारा प्राप्त होता है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार जनता की समस्याओं को देखते हुए भविष्य में रोहड़ू चिड़गांव और जांगला के लिए शिमला से सीधी टेलीग्राम व्यवस्था करने का विचार रखती है जिससे लोगों को अपने जरूरी संदेश समय पर पर मिल सकें?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी नहीं।

(ख) अंशकालिक नैमित्तिक मजदूर नियमित नियुक्ति के लिए अतिरिक्त

विभागीय एजेंटों के बाद ही पात्र होते हैं, जिनकी संख्या काफी अधिक है।

(ग) रोहड़ू, जांगला और चिरगांव के किसी भी अंशकालिक मजदूर को नियमित नहीं किया गया है।

(घ) शिमला से रोहड़ू को तार मोर्स सुविधा पर सीधे भेजे जाते हैं, और जांगला तथा चिरगांव के लिए तार फोनोकाम प्रणाली पर बरास्ता रोहड़ू भेजे जाते हैं। सामान्यतया तार सर्किट माध्यम से भेजे जाते हैं, लेकिन लाइनों में खराबी आने पर ये कभी-कभार ही डाक से भेजे जाते हैं।

(ङ) इन तीनों स्थानों को, प्रतिकूल मौसम की स्थितियों के दौरान भी, मजबूत संचार व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से रोहड़ू में 1994–95 में एक भू-उपग्रह-केन्द्र स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

देश के लिए संचार नीति

3391. **श्री ईश दत्त यादव** :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के लिए कोई संचार नीति बनायी है,

(ख) यदि हां, तो इसकी मुख्य-मुख्य विशेषताएं क्या हैं, और

(ग) यदि नहीं, तो अब तक कोई संचार नीति न बनाये जाने के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) जी नहीं, वैसे देश के लिए एक दूरसंचार नीति सरकार के विचाराधीन है।

Telegraph Office at Abohar in Punjab

3392. SHRI VIRENDRA KATARIA : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the telegraph office at Abohar in Punjab does not accept telegrams, including press telegrams on Sundays and other public holidays after 5.00 PM on all the working days;

(b) whether it is a fact that the telecom centre does not accept any telegram and SFT channel for clearance of telegrams has not been provided there;

(c) whether it is also a fact that the departmental telegraph office has not been set up there so far while such centres exist in the nearby sub-divisional towns of Moga and Barnala; and

(d) if so, what are the reasons therefor and what action Government propose to take in the matter to mitigate the difficulties of the local people ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM) : (a) No, Sir. The telegraph office works on week days between 0800 hours and 1800 hours, and is closed on Sundays/Telegraph holidays. However, late fee facility for booking telegrams during the closed hours, Sundays/ Telegraph holidays is available.

(b) No, Sir. It is not a fact that telecom centre does not accept telegrams during working hours SFT channel to the telecom centre will be provided when the traffic potential reaches the standard norm.

(c) The existing traffic potential falls below the standards of opening a departmental telegraph office at Abohar.

(d) Provision of SFT channel and conversion of Combined Post and Telegraph Office at Abohar into an independent telegraph office will be considered as and when the traffic potential reaches the standard norm.